एशियाई/पैसिफिक द्वीप निवासी
घरेलू हिंसा संसाधन प्रोजेक्ट (डोमेस्टिक वायोलेन्स रिसोर्स प्रोजेक्ट (DVRP)
समुदाय जागरूकता टूलकिट



हम कौन हैं

एशियाई/पैसिफिक द्वीप निवासी घरेलू हिंसा संसाधन प्रोजेक्ट (DVRP) 20 सालों से घरेलू हिंसा और यौन हमलों के पीड़ित व्यक्ति लोगों को सेवा प्रदान कर रहा है। हमारा लक्ष्य एशियाई/पैसिफिक द्वीप निवासी(A/PI) समुदाय में घरेलू हिंसा और यौन हमलों को संज्ञान में लेना, रोकना और उन्हें खत्म करना, और साथ ही पीड़ित लोगों को दुर्व्यवहार के बाद अपने जीवन के पुनर्निर्माण के लिए सक्षम बनाना है । हम वह एकमात्र विभिन्न एशियाई समुदायों को शामिल करने वाला संस्थान हैं जो डीसी मेट्रो क्षेत्र में संस्कृति और भाषा की दृष्टि से विशेष घरेलू हिंसा और यौन हमलों से संबंधित सेवाएं प्रदान करता है। हमारे कर्मचारी, वकील, और स्वयंसेवक मिल कर 20 से अधिक A/PI भाषाएं बोलते हैं, जिनमें चीनी, वियतनामी, तागालोग, ऊर्दू और हिन्दी शामिल हैं।

हम हिंसा से पीड़ित व्यक्तियों द्वारा निर्मित हैं। हमारा संस्थान हिंसा सेपीड़ित व्यक्तियों द्वारा चलाया जाता है।

हिंसा सेपीड़ित व्यक्ति केन्द्री का क्या अर्थ है? हम हिंसा सेपीड़ित व्यक्तियों को वे जहाँ हों, वहां मिलते हैं, ना कि उस स्थान पर, जहाँ हम चाहते हैं। हमारा काम हिंसा से पीड़ित व्यक्तियों के अनुभवों, आवश्यकताओं और वरीयताओं पर आधारित ह। DVRP को हिंसा से पीड़ित व्यक्ति ही चलाते हैं: हमारे कर्मचारी दल में, हमारे बोर्ड ऑफ डिरेक्टर्स में, और वकील और स्वयं सेवकों के रूप में भी हिंसा से पीड़ित लोग हैं।

DVRP का सर्वाइवर सर्विसिज़ प्रोग्राम (हिंसा सेपीड़ित व्यक्ति के लिए सेवाएं कार्यक्रम)घरेलू हिंसा और यौन हमलों से पीड़ित व्यक्तिA/PI व्यक्तियों को सीधे सेवाएं प्रदान करता है। हमारे पूर्णकालिक केस मैनेजर, जिन्हें दो भाषाएं बोलने वाले समर्थक की सहायता प्राप्त है, स्त्रियों एवं पुरुषों को, भले ही उनका जाति मूल वंश, धर्म, यौन विन्यास कोई भी हो, SSP सेवाएं प्रदान करते हैं, जिनमें सुरक्षा योजना बनाना और आश्रयस्थानों (शेल्टर) में रेफेरल, कानूनी, और सामाजिक सेवाएं (जैसे कि भोजन, कपड़े, मानसिक स्वास्थ्य और नशीले पदार्थों के सेवन संबंधी सेवाएं) शामिल हैं।

Outreach (आउटरीच यानि कि प्रसार) कार्यक्रम समुदाय में घरेलू हिंसा और यौन हमलों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए काम करता है। हम यह तंदुरुस्त संबंधों को प्रोत्साहित कर, अनुमति के महत्व पर ज़ोर दे कर, और हर स्थान पर प्रसार सामग्री बाँट कर करते हैं, ताकि लोगों को हमारी सेवाओं के बारे में जानकारी मिले।

हमारा प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता कार्यक्रम मुख्य धारा के सेवा प्रदाताओं और समुदाय के नेताओं के साथ नज़दीक से काम करता है, और उनकी घरेलू हिंसा और यौन हमले से पीड़ित A/PI व्यक्तियों की सेवा करने की क्षमता को और भी बढ़ाता है। DVRP हिंसा से पीड़ितA/PI व्यक्तियों को प्रतिभाव देते समय श्रेष्ठ व्यवहारों, सांस्कृतिक क्षमताओं, DV स्क्रीनिंग्स, और A/PI समुदाय में अन्य संवेदनशील विषयों के लिए खास प्रशिक्षण प्रदान करता है।

समुदाय जागरूकता टूलकिट

2014 में DVRP के A/PI समुदाय प्रसार मूल्यांकन ने निर्धारित किया कि डीसी का A/PI समुदाय (समुदाय के नेताओं और सेवा प्रदाताओं समेत) घरेलू हिंसा और यौन हमलों के संबंध में अधिक सक्रिय होना चाहता था। हालाँकि, अधिकतर मूल्यांकन प्रतिभागियों ने निर्दिष्ट किया कि वे इन समस्याओं को बस थोड़ा ही समझते हैं। इसके अलावा, उन्होंने निरंतर दुर्व्यवहार के लक्षणों को पहचानने में स्वयं को सक्षम नहीं समझा। समुदाय प्रसार मूल्यांकन के चलते इस टूलकिट को निम्नलिखित उद्देश्यों को पूरा करने के लिए बनाया गया था:

- A/PI संस्थानों और समुदाय के नेताओं की घरेलू हिंसा और यौन आक्रमण के लक्षण पहचानने की क्षमता को प्रभावी तरीके से सशक्त करना; और
- DVRP को रेफेरल प्रक्रिया निर्धारित कर समुदाय की तरफ से घरेलू हिंसा और यौन हमलों को सहकारी प्रतिभाव देना संभव बनाना।

हाल ही में घरेलू हिंसा और यौन हमलों की व्यापक घटनाओं को पहले से अधिक राष्ट्रव्यापी प्रसिद्धि मिल रही है; जिसके परिणामस्वरूप हिंसा के खिलाफ और भी समुदाय द्वारा शुरू किए हुए प्रतिभाव निष्पन्न हो रहे हैं। फिर भी अभी हमारे वैविध्यपूर्ण, बढ़ते हुए A/PI समुदाय के बड़े हिस्से हैं जिनमें घरेलू हिंसा और यौन हमले दृश्यमान हैं। शिकारों को अब भी चुप कराया जाता है, और दुर्व्यवहार करने वाले अपना हिंसक व्यवहार जारी रखते हैं। हम में से कई लोग इस गलतफहमी में रहते हैं कि इन मामलों का हम से कुछ लेना देना नहीं है, क्योंकि हम ऐसे किसी व्यक्ति को नहीं जानते जो इन्हें अनुभव कर रहा हो। या फिर अगर हम उसे जानते भी होते, तो उनके निजी मामलों में हमें दखल नहीं देना चाहिए। सच तो यह है कि घरेलू हिंसा और यौन आक्रमण हममें से प्रत्येक को प्रभावित करते हैं। पुरूष और स्त्री। वृद्ध और युवा। सामान्य यौन संबंध वाले और गे। हम सभी हिंसा के पीड़ित व्यक्ति और हिंसा करकने वालों को जानते हैं।

परिवर्तन की और पहला कदम उठाने के लिए, हमें हमारे समुदाय में हिंसा फैलाने वाले दबे हुए कारणों को संबोधित करना होगा। कुछ सब से प्रचलित कारणों में शामिल हैं:

- निजता। परंपरागत तरीके से, A/PI समुदाय के कई सदस्यों का मानना है कि पारिवारिक मामलों की सार्वजनिक स्थानों पर चर्चा नहीं की जानी चाहिए। यह ख़याल कि घर पर जो हो रहा है वह चाहे जितना भी भयानक हो, निजता बनाए रखी जानी चाहिए, घरेलू दुर्व्यवहार को परिवार के बाहर के लोगों के हस्तक्षेप या समर्थन के बिना जारी रखने की सहूलियत देता है।
- निषेध। A/PI समुदाय के कुछ सदस्यों को लगता है कि यौन व्यवहार की चर्चा करना उपयुक्त नहीं है। परिणामस्वरूप, लैंगिकता से संबंधित विषय निषिद्ध होते हैं। जब हम सामूहिक रूप से यौन संबंध को संबोधित करने से इन्कार करते हैं, तो हम हिंसक यौन व्यवहार को मौन के शून्यावकाश में पनपने देते हैं।
- शर्मिंदगी।सामान्यतः A/PI समुदाय में परिवार की इज्जत की बहुत मूल्यवान समझा जाता है। हम में से कई लोग इस इज्जत को बचाए रखने के लिए ऐसी किसी भी बात से नज़र चुराते हैं, जो कि परिवार को शर्मिंदा कर सकती है। दुर्भाग्यवशन, जब हम परिवार की इज्जत को हिंसा के पीड़ित व्यक्ति व्यक्ति के कल्याण और सुरक्षा से अधिक वरीयता देते हैं, तो हम हिंसा के पीड़ित व्यक्ति व्यक्ति को चुप करा कर उन्हें संभावित रूप से जीवन जोखिम में हो ऐसी परिस्थिति में रखते हैं।
- पीड़ित व्यक्ति पर दोषारोपण। कई A/PI जाति मूल वंशीय संस्कृतियों में, परिवार के नेता और समुदाय के सदस्य अक्सर पीड़ित व्यक्ति को उनके साथ जो हुआ है उसके लिए दोषी ठहराते हैं। हम पीड़ित व्यक्ति से पूछते हैं कि उन्होंने क्या पहना था, क्या किया था या क्या कहा था जिसकी वजह से उनके साथ दुर्व्यवहार हुआ। जब हम केवल पीड़ित व्यक्ति पर ही ध्यान केन्द्रित करते हैं, तो हम दुर्व्यवहार करने वाले को उसके व्यवहार के लिए किसी भी उत्तरदायिता से मुक्त करते हैं।

जैसे-जैसे हम घरेलू हिंसा और यौन हमले के पीछे के कारणों के बारे में और जानते हैं, वैसे-वैसे हम धीरे-धीरे हमारे समुदायों की ऐसे व्यवहार के प्रति मौन सहिष्णुता को बदल सकते हैं। हम उन विचारों और रीतियों का विरोध कर सकते हैं, जो कि घरेलू हिंसा और यौन हमलों को सहते हैं। हम एक ऐसा विश्व निर्माण कर सकते हैं, जो कि पीड़ित व्यक्तियों के लिए सहायक हो ताकि उन्हें बिलकुल भी शर्मिंदगी या अकेलापन महेसूस न हो। हम एक ऐसा विश्व निर्मित कर सकते हैं जो कि घरेलू और यौन हिंसा से मुक्त हो।

घरेलू हिंसा के लक्षणों को पहचानना

DVRP की घरेलू हिंसा कि व्याख्या किसी डेटिंग साथी, जीवनसाथी या रिश्तेदार पर सत्ता और नियंत्रण प्राप्त करने के लिए उपयोग किए जाते दुर्व्यवहारों का एक पैटर्न है। यह कोई छिटपुट घटना नहीं होती और यह दुर्व्यवहार का शाब्दिक, भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक, यौन, आर्थिक, आध्यात्मिक या शारीरिक रूप हो सकता है। समुदाय के नेता के रूप में, यह आवश्यक है कि घरेलू हिंसा के लक्षणों को पहचाना जाए, और जब यह सुरक्षित और उपयुक्त हो तो सहायता प्रदान की जाए।

एशियाई/पैसिफिक समुदाय में, यह सामान्यतः माना जाता है कि घरेलू हिंसा केवल शारीरिक दुर्व्यवहार होता है। नील निशान, घाव, और फ्रैक्चर दुर्व्यवहार के स्पष्ट, दृश्यमान लक्षण हो सकते हैं, लेकिन सभी दुर्व्यवहार करने वाले शारीरिक दुर्व्यवहार नहीं करते और ना ही केवल शारीरिक दुर्व्यवहार करते हैं। यहाँ पर कोई व्यक्ति किस तरह से किसी अन्य व्यक्ति पर सत्ता और नियंत्रण कर सकता है उसके कुछ उदाहरण दिए गए हैं:

- आर्थिक: वित्तीय संसाधनों को नियंत्रित करना/प्रदान न करना; साथी को नौकरी न करने देना।
- भावनात्मक/मनोवैज्ञानिक:अपशब्द कहना;दोषारोपण करना;शर्मिंदा करना;असाधारण जलन; छोड़ देने या जान दे देने की धमकी देना; साथी को अपने दोस्तों और परिवार से अलग-थलग कर देना।
- यौन:साथी को पोर्नोग्राफी देखने को मजबूर करना; साथी से जबरदस्ती यौन क्रियाएं करवाना।
- आध्यात्मिक:किसी व्यक्ति को धर्मस्थान पर न जाने देना या जबरदस्ती ले जाना; किसी व्यक्ति को बुरा लगे उस उद्देश्य से धार्मिक वाक्यों का उपयोग करना; किसी धर्मस्थान पर व्यक्ति के बारे में अफवाहें फैलाना।

हम यह स्वीकार करना चाहते हैं कि घरेलू हिंसा की प्रत्येक परिस्थिति उतनी ही अलग होती है, जितना उसमें रहने वाले व्यक्ति होते हैं। दुर्व्यवहार करने वाले ऐसी विभिन्न नई युक्तिओं से उन से दुर्व्यवहार कर सकते हैं, जिनका ऊपर उल्लेख नहीं किया गया है। तथापि, हम सीख सकते हैं कि किसी पीड़ित व्यक्ति को कैसे प्रतिभाव देना चाहिए। चाहे दर्शक के रूप में, सेवा प्रदाता के रूप में, या समुदाय के नेता के रूप में, हम पीड़ित व्यक्ति और बच्चों समेत अन्य प्रभावित परिवारजनों की सुरक्षा और भविष्य निश्चित करने में सहायता कर सकते हैं।

दर्शक की शामिलगिरी

दर्शक वे लोग होते हैं, जो कोई संभावित रूप से नुकसानदेह परिस्थिति देखते या सुनते हैं, पर संभवतः निश्चित रूप से नहीं जानते कि क्या करें, या हस्तक्षेप करने से डरते हैं या फिर कोई और पहले काम करे इसका इंतजार करते हैं। हम सभी दर्शक हैं....आप एक दर्शक हैं! आप समुदाय के नेता हों, सहकर्मचारी हो, देखभाल करने वाले हों या फिर कोई अजनबी, आप घरेलू हिंसा और यौन हमला रोकने में मदद कर सकते हैं। आप ऐसा कर सकते हैं:

- हमारे समुदायों में घरेलू हिंसा और यौन हमला कैसे लगते हैं यह जानना (यानि कि लक्षण);

- कोई भी पीड़ित व्यक्ति जब अपनी कहानी सुना रहा हो तो बिना निर्धारण या शर्मिंदगी के उसकी बात सुनना और उसकी सहायता करना;
- हमारे समुदाय के दुर्व्यवहार करने वाले किसी भी सदस्य का खुल कर विरोध करना और उसे जवाबदेह बनाना;
- (ग्रीन डॉट इनिशिएटिव के) तीन D का उपयोग करना:
    - डायरेक्ट: परिस्थिति का डायरेक्टली, अर्थात् सीधे सामना करना, पर पहले अपनी सुरक्षा के बारे में सोचना।
    - डिस्ट्रेक्ट: परिस्थिति को बदलने या उसमें खलल डालने के लिए कोई डिस्ट्रेक्शन, अर्थात् ध्यान बँटाने वाला कार्य करना।
    - डेलिगेट: ऐसे अन्य लोगों को शामिल करना जो हिंसा होने से रोकने की बेहतर स्थिति में हों।
- यदि किसी को नुकसान होने की स्थिति हो तो पुलिस को कॉल करना; और
- आपके समकक्षों, दोस्तों और परिवार में जागरूकता बढ़ाना।

पीड़ित व्यक्तियों के साथ काम करने के निर्देशक सिद्धांत

- इस बात की कभी धारणा न बनाएं कि पीड़ित व्यक्ति क्या चाहता है, उसे किस चीज़ की ज़रूरत है, या उसे क्या करना चाहिए।
- अपने मन के विचारों, मूल्यों, और वरीयताओं को जाने, और उन्हें पीड़ित व्यक्ति पर थोपे नहीं।
- यह समझें कि किसी की भाषा बोलना या उसी के समुदाय से होना आपको घरेलू हिंसा या यौन हमले के बारे में बोलने के लिए पात्र नहीं बनाता।
- यह मान लेने से पहले कि कोई संसाधन उपलब्ध नहीं है (जैसे कि वियतनामी समुदाय के पीड़ित व्यक्तियों के लिए काउन्सेलिंग सेवाएं), जाँच लें।
- स्पष्टीकरण करने वाले प्रश्न पूछें।
- याद रखें कि पीड़ित व्यक्ति अपने अनुभव को सब से अच्छी तरह से जानता है, और वही मार्गदर्शक होना चाहिए।
- समुदाय के नेता के रूप में अपनी व्यावसायिक भूमिका को याद रखें।

क्यांट्स को DVRP को रेफर करें

याद रखें: घरेलू हिंसा गैरकानूनी है। एशियाई/पैसिफिक द्वीप निवासी समुदाय अनोखी चुनौतियों का सामना करता है, पर याद रखिए, कोई भी व्यक्ति दुर्व्यवहार किया जाने का पात्र नहीं है। यदि पीड़ित व्यक्ति कहीं औपचारिक रूप से दर्ज नहीं है तब भी वह सहायता प्राप्त कर सकता/सकती है। DVRP को कॉल कर के किसी केस मैनेजर से आपके क्षेत्र में उपलब्ध सेवाओं के बारे में बात करें।

DVRP
(202) 833-2233
www.DVRP.org
info@dvrp.org